
# अमर उजाला



अखिल भारतीय कान्यकुब्ज समाज का होली मिलन समारोह राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हुआ, जहां सभा की
का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर शहर के कलाकार रवि सारस्वत ने पुराने फिल्मी गानों पर सभी का दिल

# राष्ट्रिय सहारा

प्रधान, मनु श्रीवास्तव, सुरेन्द्र राजपूत, ... विभाग मार्च में ही बिल की अदायगी करते है। ... यात्रियों के प्रशिक्षण और यात्रियों को सऊदी ... हजहाउस की व्यवस्था में खर्च करती है।

## में होली मिलन समारोह की धूम




अखिल भारतीय कान्यकुब्ज प्रतिनिधि सभा के होली मिलन समारोह में सम्मानित छात्राएं मुख्य अतिथियों के साथ। फोटो : एसएन

पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

कैसरबाग स्थित रायउमानाथ बली प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय श्री कान्यकुब्ज प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह का उद्‌घाटन आईपीएस अधिकारी उमाशंकर ने सरदार भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने दो दर्जन छात्राओं को साइकिल व आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए सहायता राशि वितरित की। इस मौके पर कान्यकुब्ज वाणी पत्रिका, शिल्पी खंड काव्य का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर न्यायमूर्ति दिनेश कुमार त्रिवेदी, उपेन्द्र मिश्र, कृपाशंकर दीक्षित, गिरिजा शंकर मिश्र, अमरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, कु. प्रेम प्रकाशिनी मिश्र, जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रेमनरायण मिश्र, डा. आरके मिश्र, डा. डीएस शुक्ल, हरेन्द्र कुमार मिश्र, अभिनव त्रिवेदी समेत गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# हिंदुस्तान



बली प्रेक्षागृह में श्री कान्य कुब्ज प्रतिनिधि सभा ने कान्यकुब्ज वाणी का विमोचन किया

# दैनिक आज

# ब्राह्मण बालिकाओं को प्रोत्साहन के लिए दी गयी आर्थिक सहायता

लखनऊ, रविवार (आज समाचार सेवा)। आदिकाल से सम्पूर्ण समाज के सत्यता का मार्ग दिखलाने वाले ब्राह्मण समाज की बालकाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य आयोजित अखिल भारतीय कान्यकुंज सभा का होलीमिलन समारोह में आज जरूरतमंद छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। स्थानीय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारम्भ पारम्परिक तरीके से दीप प्रज्जवलित करने किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व आई.जी. उमाशंकर बाजपेयी ने इस अवसर पर कहा कि ब्राह्मण समाज को अपने अतीत पहचान कर उन्नति की तरफ बढ़ना चाहिए। इस मौके पर मेघदूत उद्योग के संचालक विमल शुक्ल तथा इसरो के पूर्व अंतरित वैज्ञानिक कालीशंकर शुक्ला के कान्यकुब्ज रत्न से सम्मानित किया गया। डा.डी.एस. शुक्ला के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में १८ छात्राओं को बेहतर अंक लाने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी तथा नौ छात्राओं को साइकिलें भी प्रदान की गयी। इस मौके पर बरेली के जाने माने कवि प्रमोद शंकर शुक्ल की पुस्तक शिल्पी का विमोचन भी किया गया आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहे मशहूर कलाकार रवि सारस्वत का बेहतरीन नृत्य जो श्रोताओं के दिल का गहराईयों में उतर गया।